केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक: 09/04/2025

प्रेस विज्ञप्ति

पुरस्कार वितरण एवं अखिल भारतीय हिंदी कवि सम्मेलन सम्पन्न

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में दिनांक 09.04.2025 को राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता महाप्रबंधक/कोर, श्री संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

मुख्य राजभाषा अधिकारी, श्री आर.एन.सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत हिंदी का प्रशंसनीय प्रयोग करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जा रहा है। इसके साथ ही आज हम लोग विभिन्न रसों के विद्वान कवियों की रचनाओं का आनन्द भी लेंगे। उन्होंने कहा कि कविता हमें न केवल प्रेरित करती है, बल्कि हमारे हृदय की गहराइयों में छिपे विचारों और भावनाओं को स्वर भी प्रदान करती है। यही कारण है कि हम अपने कर्मचारियों को न केवल तकनीकी रूप से दक्ष बनाना चाहते हैं, बल्कि उनकी रचनात्मकता को भी प्रोत्साहन देना चाहते हैं। इससे कोर में हिंदी प्रयोग-प्रसार की दिशा में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होगा और हम सब अपने सरकारी कामकाजमें हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए संकल्पबद्ध होंगे।

महाप्रबंधक महोदय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में पुरस्कार वितरण के साथ ही कवि सम्मेलन का आयोजन हेतु राजभाषा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि हिंदी केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी पहचान और संस्कृति का अभिन्न अंग है। हमारे संगठन में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे न केवल हमारे कार्यों को अधिक प्रभावी बनाते हैं, बल्कि हमारे मनोभावों को भी सशक्त रूप से व्यक्त करने में सहायक होते हैं। आज हमारे बीच जो कविगण उपस्थित हैं वे न केवल हमारी भावनाओं को आनंदित करेंगे, बल्कि हमें सोचने और महसूस करने के नए आयाम भी देंगे। इस अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें सर्वश्री यश मालवीय, शाहिद अंजुम, विनोद श्रीवास्तव, ओम निश्चल एवं उत्कर्ष अग्निहोत्री ने काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन का संचालन श्री यश मालवीय ने किया।

रेल विद्युत कर्षण के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर जनसम्पर्क विभाग, केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन द्वारा एक पत्रिका "विद्युत प्रवाह" का प्रकाशन कराया गया जिसका विमोचन महाप्रबंधक महोदय के कर-कमलों द्वारा किया गया। जिसमें कोर कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लिखित लेख,कहानी,कविता को प्रकाशित कराया गया है।

महाप्रबंधक महोदय ने विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कर-कमलों से पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में कोर के श्री उपेन्द्र कुमार-मुख्य बिजली इंजीनियर, श्री बीरेन्द्र वर्मा-मुख्य सामग्री प्रबंधक तथा रीवो की अध्यक्षा श्रीमती वंदना श्रीवास्तव, अन्य पदाधिकारीगण एवं सदस्याओं सहित संगठन के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

समारोह का संचालन डॉ. ब्रजेश खरे, मुख्य कार्यालय अधीक्षक एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री कल्याण सिंह, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी ने किया।

(कल्याण सिंह)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज